हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 जनवरी , 2024

तापमान
अधिकतम 13.2 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

13 रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं: पंवार



14 राम मंदिर का निर्माण होते देखना सौभाग्य की बात: मेयर



# नए साल का उत्साह से स्वागत

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित किए गए जगह- जगह कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नूतन वर्ष-2024 के स्वागत के लिये जिले में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नववर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को जगह-जगह जश्न मनाया गया। शहर के साथ मुरथल के होटलों और रेस्टोरेंट में न्यू ईयर पार्टी भी आयोजित की गई। आर्केस्ट्रा और डीजे की धुन पर लोग जमकर थिरके। नववर्ष के मद्देनजर केक, मिठाई और बुके की दुकान पर लोगों की भीड़ रही। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने का सिलसिला रातभर चलता रहा।

नए साल की पूर्व संध्या पर शहर जश्न में डूब गया था। होटलों को आकर्षक झालरों और बहुरंगी फूलों से सजाया गया था। मुरथल के ढाबों की शोभा देखते ही बनती थी। शाम ढलते ही रेस्टोरेंटों और होटलों में युवाओं की भीड़ जुटने लगी थी। फिल्मी गीतों पर लोग आध रात तक थिरकते रहे। 12 बजते ही युवाओं ने आतिशबाजी की। सोशल मीडिया व घर में परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और बड़ों से आशीर्वाद लिया। लोगों ने घरों में अजीज व्यंजनों का आनंद लिया।

### शहर में मुस्तैद रही पुलिस

नववर्ष पर हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दी। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रही। दो दिन पहले ही पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने इस संबंध में सभी डीसीपी, एसीपी व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए थे। निर्देशों के तहत ही थाना प्रभारियों ने अपनी सीमा में आने वाले सभी होटलों व ढाबों पर भी विशेष नजर रखी। इस दौरान कई जगहों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले लोगों को रोका गया।

# सीएम से मिला प्रतिनिधि मंडल, मूर्ति अनावरण के लिए मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

खरखौदा के सावित्रीबाई फुले महिला पार्क में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 21 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से कराने के लिए प्रतिनिधि मंडल ने उनसे दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान मांग रखी कि खरखौदा में 21 फीट ऊंची देश की प्रथम महिला शिक्षक की मूर्ति का अनावरण उनके कर कमलों द्वारा किया जाए। सीएम मनोहर लाल ने मूर्ति निर्माण में 1100 रुपए की सहयोग राशि अपनी जेब से देते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम जिला उपायुक्त के पास नोट करवाएं।



खरखौदा। सीएम से मिलने के बाद जानकारी देते हुए प्रतिनिधि मंडल के सदस्य

### मूर्ति निर्माण को दी सहयोग राशि

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि जैसे ही सोनीपत जिला में कोई भी कार्यक्रम हो उसी कार्यक्रम के दौरान मूर्ति का अनावरण भी किया जाएगा। भाजपा नेता प्रीतम खोखर के नेतृत्व में सावित्रीबाई फुले सेवा समिति प्रधान कप्तान, उप प्रधान राजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, अमित सैनी, गौतम सैनी, राजेश सैनी आदि सीएम से मिले। भाजपा नेता प्रीतम खोखर ने बताया कि वे प्रतिनिधि मंडल के साथ सीएम मनोहर लाल से मिले। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जनवरी में जैसे ही सोनीपत में प्रोग्राम होगा खरखौदा में मूर्ति अनावरण किया जाएगा। डेलिगेशन को मूर्ति निर्माण के लिए 1100 रुपए की राशि भी दी।







## मामा-भांजा चौक के पास युवक से स्नैचिंग

सोनीपत। मामा भांजा चौक के पास मसद मोहल्ला में बाइक सवार झपटमारों ने युवक का मोबाइल झपटकर भाग गए। पीड़ित काम के सिलसिले में मसद मोहल्ला गया था। पीड़ित के बयान पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। चार मरला स्थित हनुमान मंदिर के पास रहने वाले बीर दत्त ने सिविल लाइन थाना पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार रात को काम के सिलसिले में से मसद मोहल्ला आए थे। जब वह मामा-भांजा चौक की तरफ जा रहे थे तो मोबाइल पर कॉल आ गई। जिस पर वह बातचीत करते हुए चलने लगे। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो युवक उनके पास आए और मोबाइल झपट ले गए। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।









## खबर संक्षेप



### जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कपड़े

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने अपने पुराने वस्त्र वितरण अभियान के तहत रविवार को नरेंद्र नगर सोनीपत में पुराने वस्त्र जरूरतमंद लोगों को बांटे गए। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया की सेफ इंडिया ने लोगों से अपने पुराने वस्त्र, जूते या अन्य सामान संस्था के पास जमा कराने की अपील की थी, ताकि जरूरतमंद लोगों को यह दिया जा सके। इसी के तहत रविवार को नरेंद्र नगर में लोगों को वस्त्र और अन्य चीजें बांटी गई।

### विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** शहर में सोनीपत रोड स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में मेधावी विद्यार्थियों ने वर्किंग मॉडल प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा दिखाई। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य जयवीर सिंह रुहिल ने की।

### मुन्ने बच्चों का डांस कम्पीटीशन

**गोहाना।** शहर में डॉ. मंगलसेन हर्बल पार्क के सामने स्थित बाल भारती विद्यापीठ में नव वर्ष की पूर्व सन्ध्या पर नन्हे-मुन्ने बच्चों का डांस कम्पीटीशन हुआ। इस कम्पीटीशन में रूहानी, अनंत और शिव्या की टीम प्रथम रही। पोस्टर मेकिंग की साथ हुई प्रतियोगिता में वर्या, कीर्ति और जसमीत की टीम प्रथम रही। प्रतियोगिताओं की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल सुमन कौशिक ने की।

### माही जैन ने युवा महोत्सव में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा माही जैन ने पंचकुला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में अंग्रेजी कहानी लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने स्कूल का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने आशा जताई कि दोनों आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करती रहेंगी। छात्रा माही जैन ने कहा कि प्रधानाचार्य के निरंतर सहयोग और शिक्षिका शुचिस्मिता की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि आज उसने यह मुकाम हासिल किया है।

### कार की टक्कर से फैक्टरी कर्मी की मौत

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-44 की सर्विस लेन पर बहालगढ़ के पास कार की टक्कर से बाइक सवार फैक्टरी कर्मी की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 119 करोड़ में बनाया जाएगा बस पोर्ट, शहर को मिलेगी जाम से मुक्ति

# उम्मीदें : पौने 3 हजार करोड़ की परियोजनाएं होंगी पूरी

दीपक वर्मा ▶▶ सोनीपत

नई उम्मीदों के साथ नया साल आ गया है। वर्ष 2024 अपने साथ नई उम्मीदें भी लेकर आ रहा है। इस साल जिले के लोगों को कई सौगात मिलने वाली हैं। इसमें गन्नौर की अन्तर्राष्ट्रीय फल-फूल बागवानी मंडी, जाट जोशी में बनने वाला बस पोर्ट, मुरथल ढाबों के दूषित पानी को ट्रीट करने के लिये एसटीपी, बहालगढ़ स्थित साईं में हाई परफॉर्मेंस सेंटर आदि प्रमुख हैं। जाट जोशी में बस पोर्ट बनने के बाद जहां सोनीपत शहर में जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। वहीं मुरथल के ढाबों के दूषित पानी को ट्रीट करने के लिये बनाए जा रहे एसटीपी से गंदा पानी जमीन खराब नहीं करेगा। इसी तरह साईं में बनने हाई परफॉर्मेंस सेंटर खिलाड़ियों के खेल में निखार लाएगा। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय फल-फ्रूट मंडी पर लगभग 2.5 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जाट जोशी में बस पोर्ट 119 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है, वहीं एसटीपी का निर्माण 9.50 करोड़ से तथा हाई परफॉर्मेंस सेंटर का निर्माण लगभग 5 करोड़ से किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जिले के लिये ये ही कुछ परियोजनाएं हैं, परियोजनाएं तो बहुत सी हैं, लेकिन उपरोक्त परियोजनाएं ऐसी हैं जोकि 2024 में बनकर तैयार हो सकती हैं।

### 9.5 एकड़ में बनेगा बस पोर्ट

बस पोर्ट बनाने के लिए बहालगढ़ के पास जाट जोशी में 9.5 एकड़ जमीन चिह्नित की हुई है। परिवहन विभाग ने 17.50 करोड़ रुपये का भुगतान जमीन के लिये किया है, जिस पर करीब 119 करोड़ रुपये की लागत से बस पोर्ट तैयार किया जाएगा। बस पोर्ट के अंदर करीब 27 काउंटर बनाएं जाएंगे। जिसमें एक साथ 27 बसें काउंटर पर लग सकेंगी। बस पोर्ट से हरियाणा के विभिन्न जिलों के साथ ही दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान के लिए भी बसें चलाई जाएगी। बस पोर्ट पर यात्रियों को हवाई अड्डे के समान ही सुविधाएं दी जाएंगी। यहां खरीदारी के लिए शॉपिंग मॉल बनाया जाएगा। इसके अलावा मल्टीप्लेक्स के साथ ही पार्किंग की भी सुविधा दी जाएगी। करीब एक हजार गाड़ियों को पार्क करने की सुविधा दिए जाने की योजना है। यात्रियों के लिए एसी वेटिंग रूम, कैंटिन, चालक व परिचालकों के लिए वेटिंग रूम की सुविधा दी जाएगी।

### ढाबों के दूषित पानी को किया जाएगा ट्रीट

वर्ष 2017 में मुरथल के ढाबों के दूषित पानी की निकासी के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। जोकि इस साल पूरा हो जाएगा। इसके निर्माण पर 9.5 करोड़ रुपये का खर्च आया है। नए साल में मार्च तक एसटीपी का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। मुरथल विश्वविद्यालय के पीछे एसटीपी चालू होने के बाद ढाबों, विश्वविद्यालय, कुराड़, आरके कॉलोनी समेत आसपास के गांवों के लोगों की परेशानी दूर होगी। एसटीपी से पानी की गुणवत्ता को बेहतर किया जाएगा, जिससे जमीन में जाने पर वहां का भूजल दूषित न हो सके। अभी तक वहां का भूजल दूषित हो रहा है और उसका सबसे बड़ा कारण होटल व ढाबों का दूषित पानी जमीन में छोड़ा जाना है।

### ढाई हजार करोड़ रुपये में तैयार हो रही है मंडी

जीटी रोड पर गन्नौर में 537 एकड़ में बनने वाली अन्तर्राष्ट्रीय फल-फूल, बागवानी मंडी के निर्माण पर 2595 करोड़ रुपये खर्च होंगे। फ्रांस की रुंगिस होलसेल मार्केट की तर्ज पर बागवानी मार्केट को विकसित करने के लिए हैदराबाद की नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी को टेंडर आवंटित कर दिया गया है। यह मार्केट एशिया की सबसे बड़ी मार्केट होगी। हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से मार्केट का निर्माण दो साल में पूरा कराया जाएगा। इसके बाद मार्केट में रौनक लगनी शुरू हो जाएगी। यहां पर देशभर के 14 राज्यों से माल पहुंचेगा। गत वर्ष 11 जून को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंडी में दोबारा से कार्य शुरू करवाने के लिए आधारशिला रखी। मार्केट परिसर में पानी निकासी के लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), कूड़ा प्रबंधन के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट (एसडब्ल्यूएमपी) व पेयजल की सुविधा के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) बनाए जाएंगे, साथ ही मार्केट परिसर में 17 शेड बनाए जाएंगे व वाहनों के लिए पार्किंग व वर्कशॉप बनाई जाएगी। अंतरराष्ट्रीय बागवानी मार्केट में काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए अलग से 10 एकड़ में सरकारी कॉलोनी बसाई जाएगी। बागवानी मार्केट में पुलिस स्टेशन भवन व अग्निशमन कार्यालय भी बनाया जाएगा। बिजली आपूर्ति के लिए मार्केट परिसर में पांच बिजली घर बनाए जाएंगे। इसमें 220 केवी का एक बिजली घर और 33-33 केवी के चार बिजलीघर स्थापित किए जाएंगे।

### प्रदेश खरीदेगा 375 इलेक्ट्रिक बस, सोनीपत के हिस्से भी आएंगे

परिवहन विभाग नए साल में 375 इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगा। इन बसों का परिचालन सोनीपत सहित प्रदेश के नौ जिलों में किया जाएगा। प्रथम चरण में नए साल के पहले माह के अंत तक पानीपत व यमुनानगर में इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। उसके बाद दूसरे चरण में अन्य सात जिलों में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। विभिन्न जिलों में चलाई जाने वाली इलेक्ट्रिक बसें 45 सीटर होंगी। इन बसों को जिला मुख्यालय से 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तक ही चलाया जाएगा। इसके लिए दूरी के हिसाब से रूट तय किए जाएंगी। इससे बढ़ते प्रदूषण पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन के लिए इन जिलों में बस अड्डे पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने की भी योजना है, ताकि इन बसों को चार्ज करने में किसी प्रकार की परेशानी ना आए।

### विदेशों की तर्ज पर बना रहे हैं हाई परफॉर्मेंस सेंटर

बहालगढ़ स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में देश के पहले उच्च प्रदर्शन केंद्र (हाई परफॉर्मेंस सेंटर) सेंटर बनकर तैयार हो गया। इसे जल्द की तीरंदाजों के लिए खोल दिया जाएगा। इसे विदेश की तर्ज पर बनाया गया, जिससे उन्हें अभ्यास के लिए विदेश नहीं जाना पड़ेगा। साई सेंटर में तैयार किए हुए उत्कृष्ट केंद्र में तीरंदाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। इस प्रोजेक्ट के लिए भवन का निर्माण पूरा कर लिया गया है। सोनीपत के साई सेंटर में बनकर तैयार हुए देश के पहले हाई परफार्मेंस सेंटर के लिए साई ने 4 करोड़ 96 लाख रुपये मंजूर किए थे। इसे 10 हजार वर्ग फुट में बनाया गया है। इसमें खिलाड़ी की ब्रेन मैपिंग, हार्ट वेव मैपिंग, मांस-पेशियों की हरकत की निगरानी और ट्यूनिंग के लिए हाईटेक उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। केंद्र में वीडियो विश्लेषण की भी सुविधा मिलेगी। केंद्र में विभिन्न एंगल्स पर 6 उच्च क्वालिटी के कैमरे लगाए जाएंगे। इस केंद्र में 30 मीटर तक की इंडोर रेंज, इंडोर से आउटडोर शूटिंग, डार्टफिश साफ्टवेयर के साथ बायो मैकेनिकल विश्लेषण, हाई एंड ट्यूनिंग, साइंटिफिक स्पोर्ट रूम, हाईटेक टारगेट की सुविधा मिलेगी।

## जय श्रीराम के जयकारों के बीच अक्षित कलश यात्रा निकाली

- सनातन धर्म के प्रचारक सुमित त्यागी, भाजपा नेता पुनीत राई के नेतृत्व में गांव के मंदिर में पहुंची यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

हमारे पूर्वजों ने रामन्दिर को टुटते हुए देखा, लड़े मरे कटे, इस धर्म की रक्षा में हमारा सौभाग्य है हम इस मंदिर को बनते हुए देख रहे है। उक्त बाते राई हल्के के जैनपुर गांव में अक्षित कलश यात्रा के दौरान सनातन धर्म के प्रचारक सुमित त्यागी ने कही। भगवान श्रीराम की भव्य छवि वाली पालकी... ढोल की आवाज... शंखनाद... और जय श्रीराम के नारे... ऐसे हर्षोल्लास और राममय माहौल में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। भाजपा नेता व निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के गर्भगृह में जहां राम लला की मूर्ति है, वहां पूजा की हुई अक्षताओं की भव्य मंगल कलश यात्रा गांव में निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर अक्षत कलश लेकर शामिल हुईं। पुनीत राई ने कहा कि भगवान राम सबके आदर्श हैं। वे राष्ट्र निमार्ता और राष्ट्र जागरण के सतत प्रेरणा स्त्रोत हैं। जब तक हम भगवान श्रीराम का आदर्श अपने सामने रखेंगे तब तक कोई भी हमारे देश, धर्म और संस्कृति को परेशान नहीं कर पाएगा। इसलिए अयोध्या में बनने वाला मंदिर सिर्फ राम मंदिर नहीं, बल्कि राष्ट्र मंदिर है। कलश यात्रा में हैपी त्यागी, जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत, जैनपुर के सरपंच परविंदर, विनोद चेयरमैन,हिमांशु,जोनी, कपिल, कुलदीप,विकाश, सोनु, सागर, सीटू विवेक,सेंकी, सुनिराज त्यागी, साहिल, पवन चेयरमैन, ताजपुर के सरपंच सुरेन्द्र शर्मा, मिमारपु के सरपंच शादिन , टिकोले से सुभाष , मलिकपुर से राजेश,अनीश मास्टर, मुकेश ताजपुर आदि मौजूद रहे।



राई। सनातन धर्म के प्रचारक सुमित त्यागी, भाजपा नेता पुनीत राई अक्षित कलश लेकर गांव में श्रीराम के जयकारे लगाते हुए।

## शिव कामेश्वर मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर-15 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शिव कामेश्वर वाले मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। आज सुबह शिव कामेश्वर मंदिर से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मार्केट से होकर एल.आई.सी ऑफिस से होते हुए वापिस कथा स्थल शिव कामेश्वर मंदिर में पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई । इस अवसर पर कथावाचक परम श्रद्धेय श्री बाल व्यास जी महाराज वृन्दावन से पहुंचे। इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। इस अवसर पर श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



सोनीपत। कलश यात्रा में शामिल होती पूर्व मंत्री कविता जैन।

## विधायक ने किसान कालदर्शक कैलेंडर बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

अकबरपुर बारोटा गांव में नव वर्ष के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर व किसान कालदर्शक कैलेंडर का वितरण किया गया। शिविर में युवाओं में उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में कांग्रेस विधायक सुरेन्द्र पंवार ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने शिरकत की। इस मौके पर किसान नेताओं के कलेंडर का विमोचन किया गया। जिसमें किसान नेताओं के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में अवगत करवाया गया है। कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने आयोजक दीपक दहिया द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। आंतिल ने कहा शिविर में पहुंचने पर आयोजक दीपक दहिया ने अतिथियों का बूके देकर स्वागत किया। इस मौके पर रवि पंच, बिजेन्द्र चौहान संजय सरपंच, रोकेश दहिया जिला पार्षद, विक्रांत चौहान पार्षद आदि मौजूद रहे।



## कमला बहुगुणा के जन्मदिवस पर बांटे कम्बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की पत्नी एवं पूर्व लोकसभा सदस्य स्व. कमला बहुगुणा के जन्मदिवस पर 5वां कम्बल वितरण एवं महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित इस समारोह में जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किए गए। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पं. परशुराम गौड़ ने की। उनके अनुसार हर साल 17 मार्च को हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर शहीदों के परिवार को सम्मानित किया जाता है व संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं व 30 दिसम्बर को महिला सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है।




गोहाना। ठंड से बचाने के लिए जरूरतमंद लोगों में कम्बल वितरित करते हुए प. परशुराम गौड़ व उसके सहयोगी।

## भूरी में पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने गांव भूरी में बूथ संख्या 194 पर मण्डल महासचिव श्रवण कौशिक के निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम का 108वां संस्करण ग्रामीणों के साथ सुना। इस अवसर पर नेहरा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक नई दिशा दी है। विशेष तौर से युवा वर्ग को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित किया हे इस अवसर पर मण्डल महासचिव श्रवण कौशिक, शिव कुमार, प.जयनारायण ,सुभाष चन्द्र शर्मा ,जयपाल शर्मा , हरीश कुमार, विनोद शर्मा, नवीन कुमार थे।



### जयवर्धन ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 25 दिसंबर से 28 दिसंबर तक साउथ वेस्ट यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के जयवर्धन कासनिया ने 63.5 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया। यह जानकारी बॉक्सिंग कोच रोहतास ने दी।

## डॉ. राममेहर बने बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव धनाना निवासी डॉ. राममेहर राठी को दोबारा से जजपा (जननायक जनता पार्टी) बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला सोनीपत इकाई का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति को लेकर डॉ. राममेहर ने जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला, उप मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. केसी बांगड़, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रणधीर चीका, प्रदेश प्रभारी डॉ. अजीत सिंह व जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिम्मेवारी का वे ईमानदारी एवं निष्ठा से निवर्हन करेंगे।

## अवसर

### आईआईटी व नीट की तैयारियों के लिए शेड्यूल जारी

*दोनों योजनाओं के लिए करा सकते पंजीयन*

# बुनियाद के लिए 25 तो सुपर-100 के लिये 31 जनवरी तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों को आईआईटी व नीट की तैयारी के लिये शुरू की गई मिशन बुनियाद और सुपर-100 के लिये पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से दोनों कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिसमें मिशन बुनियाद के लिये 25 जनवरी से तो सुपर-100 के लिये 31 जनवरी तक पंजीकरण करवा सकेंगे। मिशन बुनियाद व सुपर-100 की परीक्षाओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 20 दिसंबर को शुरू की गई थी। जिसके तहत पात्र विद्यार्थी दोनों योजनाओं के तहत पंजीकरण करवा रहे हैं। जारी शेड्यूल के अनुसार बुनियाद लेवल-1 की परीक्षा 30 जनवरी और सुपर-100 लेवल-1 की परीक्षा छह फरवरी को आयोजित की जाएगी। मिशन बुनियाद को लेकर जहां तीन लेवल पर परीक्षा ली जाएंगी, वहीं सुपर-100 के लिए विद्यार्थियों को दो लेवल पर परीक्षा देनी होगी।

### खंड स्तर पर होगा जागरूकता कार्यक्रम

सुपर-100 और बुनियाद कार्यक्रम को लेकर खंड स्तर पर जागरूकता अभियान भी शुरू किया गया है। इसमें जागरूकता से लेकर पंजीकरण प्रक्रिया, परीक्षा आयोजन और कक्षा की शुरूआत तक की सभी जानकारी छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ सांझा की जा रही है। जागरुकता अभियान पहले जिलास्तर पर आयोजित किए जाते थे, लेकिन अब पहली बार खंड स्तर पर जागरुकता अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत गोहाना में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हो चुका है। अब चार जनवरी को राई व छह जनवरी को सोनीपत खंड में आयोजित की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी पंजीकरण करवा सकें।

### ये है पात्रता

बुनियाद कार्यक्रम के लिए ऐसे विद्यार्थी पंजीकरण करवा सकते हैं, जिन्होंने आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की हो और नौवीं कक्षा में राजकीय विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हों। इसके अलावा सातवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में 50 फीसदी अंक प्राप्त किए हों।

इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाना है। सुपर-100 के लिए साल 2018 में सुपर-100 योजना शुरू की थी। इसमें 10वीं कक्षा के बच्चे पंजीकरण करवा सकते हैं। इसक लिए नौवीं कक्षा में 60 फीसदी या इससे अधिक अंक होने चाहिए।

### ये है शेड्यूल

| गतिविधि | बुनियाद | सुपर-100 |
|---|---|---|
| पंजीकरण प्रक्रिया शुरू | 20 दिसंबर | 20 दिसंबर |
| पंजीकरण की अंतिम तिथि | 25 जनवरी | 31 जनवरी |
| लेवल-1 परीक्षा | 30 जनवरी | 06 फरवरी |
| लेवल-1 परिणाम | 20 फरवरी | 15 मार्च |
| लेवल-2 परीक्षा | 29 फरवरी | 09 अप्रैल |
| लेवल-2 परिणाम | 11 मार्च | 07 मई |
| लेवल-3 ओरिएंटेशन कार्यक्रम | 20 मार्च | —— |
| लेवल-3 परिणाम | 03 मई | —— |
| कक्षाएं शुरू | 15 मई | 15 मई |

### छात्रों के लिए बेहतरीन अवसर

मिशन बुनियाद व सुपर-100 की परीक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से शेड्यूल जारी किया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया 20 दिसंबर से शुरू हो चुकी है। विद्यार्थी बुनियाद परीक्षा के लिए 25 जनवरी और सुपर-100 के लिए 31 जनवरी तक पंजीकरण करवा सकते हैं। विद्यार्थियों के पास बुनियाद परीक्षा पास कर आईआईटी व नीट की तैयारी करने का बेहतरीन अवसर है।

-**सुरेन्द्र कुमार**, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत

## बलदेव राज आहूजा फिर से बने अध्यक्ष



सोनीपत। ठंड से बचाने के लिए जरूरतमंद लोगों में कम्बल वितरित करते हुए प. परशुराम गौड़ व उसके सहयोगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में रविवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कम्युनिटी सैन्टर सेक्टर 14 सोनीपत में साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम दिसम्बर मास में जन्म लेने वाले समस्त सदस्यों का सामूहिक जन्मदिवस मनाया गया। इसके पश्चात वर्तमान वर्ष 2023 की विदाई का मंथन किया गया तथा भावी वर्ष 2024 का अभिनंदन किया गया। इस दौरान मनोरंजक तथा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

परिषद के कोषाध्यक्ष मुकेश मल्हौत्रा ने संस्था की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसको सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। कार्यक्रम में मंच का कुशल संचालन महासचिव सुभाष वशिष्ठ द्वारा किया गया। परिषद अध्यक्ष बीआर आहूजा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करने के बाद प्रधान पद सहित समस्त कार्यकारिणी का त्यागपत्र प्रस्तुत किया।

इसके उपरांत निर्वाचन अधिकारी डॉ. डीबी रावल के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी गई, जिसमें महात्मा वेदमुनि आर्य ने प्रधान पद हेतु इंजी० निवर्तमान प्रधान बलदेव राज आहूजा का नाम प्रस्तावित किया, जिनका अनुमोदन केएल तनेजा ने करके समर्थन किया।

# सभी नियमित करें रक्तदान : पंवार



सोनीपत। बैज लगाकर रक्तदाता का हौसला बढ़ाते विधायक सुरेंद्र पंवार।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। युवाओं को रक्तदान के पुनीत कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। रक्तदान का कोई अन्य विकल्प भी नहीं है। इसलिए किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान बहुत जरूरी है। विधायक सुरेंद्र पंवार रविवार को ओम नगर इंडियन कॉलोनी में ग्राम पंचायत के तत्वावधान में आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाने के उपरांत संबोधित करते कर रहे थे। विधायक ने कहा कि रक्तदान करके हम औरों को जीवनदान दे सकते हैं। अतः इस पुनीत यज्ञ में नियमित रूप से आहुति डालते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं तथा विभिन्न प्रकार की बिमारियों में मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में युवाओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। इस दौरान पार्षद विजेंद्र मलिक, एडवोकेट संजय, संजय प्रधान, दीपक दहिया, कृष्ण, राजपाल, सुमित, धर्मपाल, मुकेश सहित अन्य मौजूद रहे।

- रक्तदान शिविर में विधायक ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत















# राम मंदिर का निर्माण होते हुए देखना हमारी पीढ़ी के लिए सौभाग्य की बात : निखिल मदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर निखिल मदान रविवार को ओल्ड डीसी रोड पर मसद मोहल्ले में स्थित श्री सत धर्म मंदिर में पहुंचे और वार्षिक उत्सव के मौके पर आयोजित धार्मिक सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर की प्रबंधन कमेटी द्वारा मेयर निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज और अन्य बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। मेयर निखिल मदान ने श्रद्धालुओं को भगवान श्री राम जी के अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की तपस्या के बाद 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनना बेहद सौभाग्य का विषय है। इसलिए वह शहर वासियों से अनुरोध करते हैं कि 22 जनवरी को दीपावली की तरह हर शहरवासी अपने-अपने घर पर दीप जलाए।


कार्यक्रम में हिस्सा लेते मेयर निखिल मदान व अन्य।

# केएमपी पर पीपली टोल के पास सड़क दुर्घटना में कार चालक घायल, रेफर

**खरखौदा।** केएमपी एक्सप्रेस वे पर पीपली टोल प्लाजा के पास हुई सड़क दुर्घटना में कार चालक घायल हो गया है। बहादुरगढ़ निवासी महिपाल ने बताया कि वह अपने दो दोस्तों के साथ निजी काम से करनाल गया हुआ था। जब वह करनाल से बहादुरगढ़ लौट रहा था, तो केएमपी पर पिपली टोल प्लाजा के पास एक कार ने पीछे से उसकी कार को साइड मार दी। जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त होकर डिवाइडर से टकराकर रुक गई। इस हादसे में वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

## संगठित होकर लड़ें अपने हक की लड़ाई : शिवलाल

*गोहाना। हरियाणा प्रदेश चमार महासभा की बैठक रविवार को गोहाना-सोनीपत मार्ग पर बने ब्रिज के साथ हरिदास पैलेस में आयोजित हुई। बैठक में महासभा के सदस्यों ने अपनी मांगें पूरी करने की मांग उठाई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शिव लाल दहिया ने की और सयोजन शाखा गोहाना के अध्यक्ष ओम प्रकाश मेहरा ने किया। विशिष्ठ अतिथि अनुसूचित जाति आयोग हरियाणा की सदस्य मीना नरवाल रही। मंच संचालन सेवानिवृत प्राचार्य राममेहर मान और प्रदेश प्रवक्ता अशोक बामनिया ने किया।*


मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक व अन्य।

## भौतिकवाद के चलते टूट रहा समाज

**गोहाना।** वर्तमान आधुनिक दूरसंचार के युग में जहां हमने अधिकांश भौतिकवादी चीजों को हासिल किया, वहीं हमने एक दूसरे से कहीं न कहीं भावनात्मक संबंध-विच्छेद भी कर लिए हैं । यह टिप्पणी रोहतक के मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी और राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने की। वह शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन स्कूल में बच्चों के उत्थान में माता-पिता तथा शिक्षकों की सकारात्मक भूमिका विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा हुड्डा ने की। संयोजन मेजबान स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने किया। उन्होंने ने कहा कि सोशल मीडिया, समय प्रबंधन की चुनौती, क्वालिटी टाइम व्यतीत न कर पाना व अन्य चुनौतियां है।


























